**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र भरमौर की मैहला पंचायत में आयोजित होने वाले एक दिवसीय किसान मेला व नशा उन्मूलन जागरूकता शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस किसान मेले के दौरान विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा किसानों और बागवानों को उन्नत तकनीकों की जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

## शोक

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी श्रीनगर के पहलगांव में कल हुए आतंकी हमले पर दुख जताते हुए इसे मानवता पर सीधा आघात बताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने इस घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने श्रीनगर के पहलगांव में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह स्वंय श्रीनगर पहुंचे हैं और इस कार्रवाई में संलिप्त आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नैशनल हेराल्ड अखबार को विज्ञापन देने के मामले पर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपनी विचारधारा के समाचार पत्रों को करोड़ों विज्ञापन दिए हैं। शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा के पास इस विषय पर कांग्रेस से सवाल करने का कोई अधिकार नहीं है। अग्निहोत्री ने कहा कि नेशनल हेराल्ड अखबार का आज़ादी की लड़ाई में अहम योगदान रहा है।

## जयराम

उधर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि नैशनल हेराल्ड का मामला तथ्यों सहित देश के सामने है और कांग्रेस को कानूनी रास्ता अपना कर इसका सम्मान करते हुए जवाब देना चाहिए। कल देर शाम कुल्लू में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने ये बात कही। नेता प्रतिपक्ष के कहा कि पीजीआई चंडीगढ़ में हिम केयर योजना के तहत ईलाज नहीं हो पा रहा है लेकि नैशनल हेराल्ड को दान देने के लिए प्रदेश सरकार के पास पैसा है।

## अवैध खनन

सोलन जिले के नालागढ़ उपमंडल के तहत अंदरोला व रामपुर गुज्जरा खड्ड में पुलिस टीमों द्वारा छापेमारी के दौरान 7 जे सी बी और 10 टिप्पर अवैध खनन करते हुए पकड़े गए हैं। इनमें से 2 जे सी बी पंजाब नंबर की पाई गई हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सभी वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत जब्त कर लिया गया है।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से...............**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

**अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है प्रधान ही लगाएंगे टेंडर, एक माह की देरी हुई तो बी डी ओ को जिम्मा। पंजाब केसरी** के शब्द हैं **पंचायत प्रधानों को टैंडर करने की शक्तियां फिर बहाल।**

**वमल नेगी मौत मामले में सरकार को नोटिस शीर्षक से दैनिक जागरण** ने लिखा है प्रदेश सरकार से तीन सप्ताह में मांगी स्टेटस रिपोर्ट।

**यू पी एस सी परीक्षा में किन्नौर के प्रथम यांबुर ने दूसरे प्रयास में प्राप्त किया 841वां रैंक हिमाचल दस्तक** की एक खबर है। **दिव्य हिमाचल** का शीर्षक है **दो हिमाचलियों सहित एक हजार 9 ने पास की यू पी एस सी की सिविल सेवा परीक्षा।**

**ओशिन, शिमला शहरी व मंजीत, ग्रामीण के एसडीएम** शीर्षक से **दैनिक जागरण** ने लिखा है –14 एसडीएम व 24 एच ए एस अधिकारियों के तबादले। **दैनिक भास्कर** के शब्द हैं **मंजीत शर्मा शिमला, ग्रामीण व ओशीन शर्मा होंगी शिमला शहरी की एस डी एम, शिल्पी को एडीएम धर्मशाला लगाया।**